


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 32 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 09 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया

## दिवाली बाद शुरू होगी कड़ाके की ठंड

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मौसम में इस समय न गर्मी ज्यादा है और न ही ठंड परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार 15 नवंबर तक दिन में गर्मी, सुबह और रात को हल्की सर्दी का अहसास होता रहेगा। इसके बाद ठंड के तेवर तीव्र होंगे। यह कहा जा सकता है कि दिवाली बाद कड़ाके की ठंड शुरु होने के आसार है।

मौसम विभाग के अनुसार एक हफ्ते और अच्छी ठंड का इंतजार करना पड़ेगा। समुद्री तूफान अलनीनो के प्रभाव से बार-बार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इसके चलते नवंबर में जबलपुर सम्भाग में दिन में तापमान सामान्य से कुछ अधिक रहने की सम्भावना है। 7 नवंबर को एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके जाते ही ठंड जोर पकड़ेगी। 12 नवंबर के बाद बंगाल की खाड़ी में एक और विक्षोभ बन सकता है। इसका प्रभाव मध्य भारत में चार-पांच दिन तक रहेगा।

# घर में परहेज, जनसंपर्क में मजबूरी




## मतदाताओं का मीठा हो या चाय, नेताजी को सब स्वीकार

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र में अधिकांश प्रत्याशियों की उम्र साठ को क्रास कर चुकी है। दो तो 75 के आसपास चल रहे हैं। लाजमी है कि उम्र के साथ किसी को मीठा तो किसी को चाय तो किसी को तेल से दूरी बनाना मजबूरी हो जाती है। इसके अलावा किसी की जुबां मीठी तो किसी की जुबां नमकीन से दुश्मनी पालती है। लेकिन, विस चुनाव में इस दुश्मनी को भूलाना मजबूरी है। जहां घर में चिकित्सकीय सलाह के वश में जुबां का स्वाद प्रत्याशी की मजबूरी होती है। वहीं अब विस चुनाव में विवशता की जंजीरों को प्रत्याशियों ने तोड़ दिया है। जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं का मीठा हो या चाय या नमकीन, सब अमृत के समान लग रहा है।

### मतदाता नाराज न हो जाए...

विधानसभा चुनाव के जो प्रत्याशी घर में मीठे को हाथ तक नहीं लगाते हैं, वे जनसंपर्क में मतदाताओं के हाथों से अपना मुंह मीठा कर रहे हैं। प्रत्याशियों की मजबूरी है कि यदि मीठा खाने से मना कर दिया तो मतदाता नाराज न हो जाए, इसलिए मजबूरी में मुंह मीठा कर रहे हैं। जनसंपर्क में प्रत्याशी सिर्फ हाथ जोड़कर वोट नहीं मांग रहे बल्कि मतदाताओं को अपनापन दिखाने के लिए साथ में चाय, खाना खा रहे है और सम्मान भी करा रहे हैं। कुछ प्रत्याशी घर से खाना लेकर निकल रहे है, तो कुछ चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ भोजन कर रहे हैं। समर्थक प्रत्याशियों को फलों से तौल रहे हैं, लेकिन वे खुद नहीं खा रहे हैं।

### गले का ध्यान रखना भी जरुरी...

नेताजी को चुनावी समय में गले का ध्यान रखना जरुरी है। कहीं भी भाषण देने की जरुरत पड़ जाए। ऐसे में विशेष ध्यान रखा जा रहा है। तय कार्यक्रम अनुसार तो घर से सुबह का नाश्ता और दोपहर में भोजन का समय निर्धारित होता है। लेकिन, सैकड़ों मतदाताओं से संपर्क के दौरान हुए स्वागत में मीठा हर कोई खिला रहा है। पहले ही चुनाव का तनाव और फिर पेट में मीठा, तो सुबह का खाना तो लगभग गले नहीं उतर रहा। शाम को थकान सिर्फ बिस्तर की राह दिखा रही है।

### अलग-अलग खेमों की पार्टिया शुरु...

दोनो प्रमुख दलो के कर्ताधर्ता अपने प्रत्याशियो को जिताने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है। यही कारण है कि अधिकांश मोहल्लो व ग्रामीण क्षेत्रो में अलग-अलग खेमो की पार्टियां शुरु हो गई है। इन पार्टियो में कहीं दाल बाफले तो कहीं नानवेज के साथ शराब का सेवन किया जा रहा है। नानवेज पार्टियो में पहले कसमे दिलवाई जा रही है, उसके बाद शराब परोसी जा रही है। खैर, अभी चुनाव है तो लोगो को भी इसका मजा लेने का हक तो बनता ही है।



## दीपावली: दो टन नमकीन तो 1.5 टन मिठाई की खपत का अनुमान

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पांच दिवसीय दीपावली पर्व के लिए नमकीन-मिठाई विक्रेता तैयारी में जुटे हुए हैं। उनके साथ ही त्यौहार के अवसर पर मिठाई व नमकनी बनाकर बेचने वाले भी सक्रिय है। दुकानदार हो या अस्थाई रूप से त्यौहार पर मिठाई बनाने वाले हलवाई हो, सभी के पास एडवांस में ऑर्डर पहुंच गए हैं। फुटकर में बिकने वाली मिठाइयों की बुकिंग भी हो रही है। हालांकि उपहार में देने वाले ड्रायफ्रूट पैक, नमकीन आदि की सप्लाई शुरू हो गई है। एक अनुमान के मुताबिक इस बार दिवाली पर शहर में 1.5 टन मिठाई और 2 टन नमकीन की बिक्री हो जाएगी। हालांकि गत वर्ष की तुलना में इस बार मिठाई के दामो में 5 से 10 प्रतिशत की तेजी है। इसका कारण कच्चे माल में तेजी आना बताया जा रहा है।

### घी और ड्रायफूट वाली मिठाईयों की मांग ज्यादा...

मिठाई कारोबारी दिलीप अग्रवाल बताते हैं कि लोग अपने स्वास्थ्य को ज्यादा ध्यान में रखते हुए मिठाई का चयन करते है। इसलिए देशी घी एवं ड्रायफ्रूट वाली मिठाईयों की डिमांड ज्यादा हैं। उनका कहना है कि इस बार गत वर्ष की तुलना में मिठाई-नमकीन कारोबार में 10 फीसदी से अधिक की ग्रोथ रहने का अनुमान है।



### खाद्य विभाग भी अलर्ट...

दिवाली पर बनने वाली खाद्य सामग्री में किसी प्रकार की मिलावट नहीं हो, इसके लिए खाद्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। विभाग ने हाल में सैंपलिंग का काम तेज कर दिया है। मिठाईयों पर लिखने वाली एक्सपायरी डेट पर भी नजर रखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों के मुताबिक विभाग नमकीन, मिठाई सहित सभी खाद्य सामग्रियों पर नजर रखे हुए है और सेम्पलिंग की कार्यवाही कर रहा है।

### विदेश भी जाती है मिठाई...

गोविंद स्वीट्स के संचालक मनोज भावसार ने बताया कि हमारे यहां बनने वाली मिठाईयां देश के कई बड़े शहरों में लोग रिश्तेदारों को भेजते हैं। इसके अलावा यहां से विदेशों में भी मिठाई भेजते हैं।

## आचार संहिता उल्लंघन: नप सभापति पर मामला दर्ज

### बिना अनुमति लाड़ली बहना सम्मेलन बुलाकर जमा की थी भीड़

**शामगढ़, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में आचार संहिता उल्लंघन का एक मामला सामने आया है। जिसमें भाजपा पार्षद नगर परिषद सभापित ने बिना अनुमति सम्मेलन बुलाकर भीड़ जमा की। पुलिस ने बताया कि नप सभापति सिद्धार्थ जोशी द्वारा लाडली बहना सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 300 महिलाएं और लगभग 50 पुरुष शामिल थे। लेकिन, इस आयोजन के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नही ली गई। पुलिस ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एफएसटी-04 सज्जनसिंह सिसौदिया की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया है।

## चौपालों पर एक ही चर्चा कौन बनेगा विधायक? किसकी बन रही है सरकार..?




**नाहरगढ़, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के लोग कयास लगा रहे हैं कि इस बार किसकी सरकार बनेगी? किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा और कौन विधायक बनेगा? इस तरह की बातचीत अब लोगों की जुबान पर उतर आई है। हर समय जैसे ही चार-पांच लोग किसी जगह एकत्र होते हैं, सिर्फ राजनीतिक बातें होती है।

चुनावी माहौल धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा है। ग्रामीण इलाकों की चौपालों का जिक्र ना किया जाए तो चुनावी गतिविधियां मुकम्मल प्रतीत नहीं होती। देहात क्षेत्र में सजने वाली चौपाल अब देर रात तक सजने लगी हैं। मैदान में उतर चुके प्रत्याशियों की तुलनात्मक चर्चा चौपालों पर जोरशोर से शुरू हो चुकी है। देहात की चौपाल हर चुनाव के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। यह चौपालें रातभर में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर देती हैं। चुनावी सरगर्मियों के साथ ही देहात क्षेत्र में ऐसी चौपालों का दौर शुरू हो गया है। दिन छिपते ही गांव के बुजुर्ग, नौजवान किसी बड़े घर में बैठते हैं। फिर शक्कर भरे दूध, चाय की चुस्की व हंसी के ठहाकों के बीच प्रत्याशियों के भाग्य की चर्चा शुरू हो जाती है।

बदलते दौर में बुजुर्ग व नौजवान अलग-अलग चौपाले सजाने लगे हैं। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आती जाएगी। वैसे-वैसे चौपालों की अहमियत और बढ़ जाएगी। क्योंकि, इन चौपालों में प्रत्याशियों का भाग्य तय होने लगता है। इसलिए कई बार तो प्रत्याशी भी अपने समर्थकों के जरिये चुनावी गणित का आंकलन करने के साथ ही कभी कभार दिन छिपते ही किसी चौपाल में शामिल होकर ग्रामीणों के रुझानों की टोह लेने की कोशिश भी करते हैं। पुराना इतिहास बताता है कि मतदान से पहली रात जिसे कतल की रात भी कहा जाता है, तक चलने वाली इन चौपालों में किसी एक प्रत्याशी के नाम पर सहमति बनती है और अगले दिन उसी का समर्थन नाम के रूप में किया जाता है। इसका असर मतदान स्थल पर भी दिखाई पड़ता है। इन दिनों राजनीतिक चौपालें सक्रिय होने लगी हैं। पिछले रिपोर्ट कार्ड की बात हो या समाज सेवा का जुनून, प्रत्याशियों के प्रत्येक पक्ष का आंकलन खुले तौर पर शुरू हो गया है, जो अब 16 नवंबर की देर रात तक चलेगा।

## अवर सचिव ने दलौदा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य मालीवाड़को निलंबित किया

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अवर सचिव श्री वीरन सिंह भलावी ने शासकीय महाविद्यालय दलौदा के प्रभारी प्राचार्य श्री शैलेंद्र मालीवाड़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। श्री मालीवाड़ द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होने के पश्चात लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लघन करने संबंधी शिकायत रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर के प्रतिवेदन में प्रथम दृष्टया सही पाई गई है। म.प्र.सिविल सेवा (आचरण) नियम के विपरीत होने एवं विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु लागू आचार संहिता का उल्लंघन होने के कारण राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1) (क) के अंतर्गत दलौदा कालेज के प्रभारी प्राचार्य श्री शैलेंद्र मालीवाड तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन की अवधि में इनका मुख्यालय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री मालीवाड़ को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## धनतेरस कल: शिववास और प्रदोष के संयोग पर खरीदी करना होगा शुभ

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** वैदिक पंचांग के अनुसार लगभग सभी त्यौहार पर दुर्लभ योग बनते रहते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। इस साल धनतेरस पर भी 50 साल बाद अद्भुत संयोग बनने जा रहा है। धनतेरस के दिन यम पंचक, शिववास योग और प्रदोष व्रत का दुर्लभ संयोग बन है। यह योग सभी राशियों के लिए शुभ होगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार धन के देवता कुबेर की विशेष कृपा के लिए इस संयोग में उनका पूजन विशेष शुभफलदायक होगा। कुछ राशियों के लिए यह धनतेरस अत्यंत शुभ रहेगी। धनतेरस 10 नवंबर को शुक्रवार के दिन पड़ रही है। विद्वानों के अनुसार इसके चलते इस बार धनतेरस पर चांदी खरीदना अति शुभ होगा। ज्योतिषाचार्य चंद्रकांत जोशी के मुताबिक धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी की प्रदोष काल में पूजा आराधना की जाती है। वहीं इस साल 50 साल बाद धनतेरस के दिन यम पंचक, शिववास योग और प्रदोष व्रत का भी संयोग पड़ रहा है। यह संयोग दुर्लभ व अतिमहत्वपूर्ण है। इस दिन माता लक्ष्मी के साथ भगवान शिव का भी आशीर्वाद प्राप्त होने वाला है। 10 नवंबर को शुक्रवार होने के कारण चांदी खरीदना शुभ माना जाता है।

## डोडाचूरा तस्करों को 12-12 साल की सजा, जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** चालीस क्विंटल डोडाचूरा तस्करी के आरोपियो प्रवीण पिता राजेन्द्र शर्मा नि. सोनियाना थाना बघाना जिला नीमच, भगवानसिंह पिता दीपसिंह झाला राजपूत उम्र 41साल नि. पित्याखेडी मंदसौर को 12-12 साल का सश्रम कारावास और आरोपी प्रवीण को 1 लाख 20 हजार रूपए अर्थदण्ड व आरोपी भगवानसिंह को 1 लाख 25 हजार रूपए जुर्माना लगाया। यह आदेश अति. विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा पारित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर के उनि दशरथसिंह चौहान को मुखबीर सूचना मिली कि प्रवीण पिता राजेन्द्र शर्मा नि. सोनियाना थाना बघाना जिला नीमच व उसका साथी ट्रक में 40 क्विंटल डोडाचूरा कुकडेश्वर गोदाम, ढोढर डोडाचूरा गोदाम के परमिट पर डोडाचूरा लेकर व खाने के लिए कुछ पीसा हुआ डोडाचूरा ट्रक के केबिन में रखकर अवैध रूप से डोडाचूरा ग्राम चिल्लौद पिपल्या जिला मंदसौर गोदाम पर खाली करने वाले हैं।

सूचना विश्वसनीय होने से उनि चौहान द्वारा कार्यवाही करते हुए मय फोर्स व पंचान के मुखबीर द्वारा बताये स्थान ग्राम चिल्लौद पिपल्या गोदाम पंहुचे तो गोदाम के सामने ट्रक खडी हुई हालत में एवं चालक सीट पर बैठे मिले व्यक्ति प्रवीण पिता राजेन्द्र शर्मा नि. सोनियाल के कब्जे से 5 किग्रा डोडाचूरा, ट्रक कागजात, डोडाचूरा का परमिट इत्यादि मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किये एवं थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर पर एनडीपीएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दौराने विवेचना आरोपी से मौके पर हुई जप्ती, एकत्रित साक्ष्यों व साक्षियों के कथनों आदि से पाया गया कि तीनों आरोपियों ने मिलीभगत करके अवैध लाभ कमाने के उद्देष्य से परमिट पर रवानाशुदा ट्रक को गन्तव्य स्थान पर नही ले जाते हुए अन्य गोदाम पीएस-2 गोदाम चिल्लौद पिपल्या की ओर मोड़ दिया व खाली कर दिया। भौतिक सत्यापन के दौरान अवैध डोडाचूरा की मात्रा 40 क्विंटल पाई गई। प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान उपरांत न्यायालय में आरोपियो के विरूद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपियो को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## खाद के लिए किसानों ने किया चक्काजाम, एसडीएम पहुंचे






**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेतो में खाद डालने की जरुरत को लेकर किसानों का तनाव कम नहीं हो रहा है। एक तरफ अधिकारी खाद की उपलब्धता का दावा कर रहे हैं। लेकिन अभी भी पत्थरों के नीचे रखे कागजात किसानों की तरफ से कतार में लगकर उनकी परेशानी को बयां कर रहे हैं। बुधवार को महाराणा प्रताप चौराहा स्थित खाद वितरण केंद्र पर किसानों को खाद नहीं मिलने से आक्रोशित हो गए। उन्होंने राजमार्ग पर सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। इसके बाद पुलिस और एसडीएम मौके पर पहुंचे। इधर कर्मचारियों ने सर्वर डाउन होने की समस्या को खाद नहीं मिलने का कारण बताया। सूचना मिलने पर कांग्रेस प्रत्याशी विपिन जैन भी मौके पर पहुंचे और किसानो से चर्चा की।

सोशल मीडिया पर खाद को लेकर मशक्कत के फोटो वायरल हो रहे हैं। इसके बाद कमिश्नर ने खुद बैठक लेकर समीक्षा की। अधिकारी पर्याप्त खाद के दावे कर रहे हैं तो कालाबाजारियों पर एफआईआर तक दर्ज हो रही है। लेकिन, परेशानी किसानों की कम नहीं हो रही है। महाराणा प्रताप चौराहा स्थित खाद वितरण केंद्र पर पत्थर के नीचे पावती या अन्य कागजात रखकर किसान खाद लेने के लिए अपना नंबर लगाते हुए नजर आए। इसके बाद भी जब यहां खाद नहीं मिली। इससे किसान आक्रोशित हो गए। उन्होंने महू- नीमच राजामर्ग जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर वायडी नगर पुलिस मौके पर पहुंची। टीआई संदीप मंगोलिया ने किसानों से बात की। इसके बाद एसडीएम भी मौके पर आ गए। उन्होंने किसानों के साथ कर्मचारियों से भी चर्चा की। कर्मचारियों ने सर्वर डाउन होने की समस्या बताई। समझाईश के बाद मामला शांत हुआ। कई जगहों पर इस तरह की समस्या सामने आ रही है। किसानों को खाद के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### खाद की कालाबाजारी रोकने प्रशासन सख्त, प्रकरण दर्ज..

एक तरफ खाद को लेकर किसान परेशान है। सोसायटी के बाहर किसान कतार में लगकर परेशान हो रहे है। इधर पर्याप्त स्टॉक होते हुए भी किसानों को कुछ सोसायटियों में जबरन परेशान कर खाद की कालाबाजारी की जा रही है। इसे देखते हुए अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। अब ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराए जा रहे हैं। शामगढ़ पुलिस ने बताया कि बहु उद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित असावती में खाद स्टॉक होने के बावजूद किसानों को परेशान करने के उद्देश्य और कालाबाजारी करने के लिए खाद को गोदाम में रोककर वितरण नहीं किया गया। इस मामले में प्रशासकीय अधिकारी की रिपोर्ट पर सहकारी संस्था मर्यादित असावती खाद प्रभारी नेपालसिंह चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसी तरह से दलौदा पुलिस ने बताया कि अमलावद खाद गोदाम पर कन्हैयालाल पाटीदार, दिनेश यादव और रामदयाल ने खाद उपलब्ध होने पर भी कृषकों को विक्रय नहीं किया। इनके खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है।



**सफेद सोने की आवक**

ग्याहर दिन के अवकाश के पूर्व बुधवार को किसान बड़ी मात्रा में लहसून लेकर पहुंचे। पूरी मंडी में सफेद सोना ही दिखाई दे रहा था। बुधवार को प्याज की आवक भी अच्छी रही।

# राम मंदिर शुभारंभ की तैयारी से कांग्रेस में घबराहट

**मप्र चुनाव में मंदिर की राजनीति ने दी दस्तक, कमलनाथ लगभग एक माह से हनुमान मंदिर छिंदवाड़ा में करा रहे हैं हनुमान कथा**

## रॉबर्ट वाड्रा के बाद अब प्रियंका वाड्रा भी पहुंचेगी महाकाल मंदिर उज्जैन

**भोपाल, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ ही कांग्रेस की राजनीति एवं रणनीति मंदिर में दर्शन एवं राम मंदिर के उदघाटन कार्यक्रम से जुड़े हुए कई तरह के कार्यक्रमों से धीरे-धीरे जुड़ती चली जा रही है। पिछले 7 दिनों के अंतराल में मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का समर्थन करते हुए अपनी सोशल मीडिया की डीपी पर भगवान श्री राम एवं अन्य भगवानों के फोटो लगा लिए हैं। वहीं दूसरी और विधानसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को अप्रत्यक्ष रूप से निर्देश दे दिया गया है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मंदिरों पर जाकर दर्शन किए जाएं। उपरोक्त अप्रत्यक्ष निर्देशों के पालन में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अपनी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी कार्यक्रमों की शुरुआत में मंदिरों पर दर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**मंदिर- मंदिर चुनावी रंगत में जुटी कांग्रेस-** वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में जो तस्वीर मंदिरों में कांग्रेस पार्टी के नेताओं की दिखाई दे रही थी वही तस्वीर एक बार फिर से दिखाई दे रही है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठनेता राहुल गांधी महाकाल मंदिर दर्शन करने के लिए गए थे। हाल ही में कांग्रेस पार्टी के नेता रॉबर्ट वाड्रा भी उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। इस चुनावी तस्वीर के दौरान पत्रकारों को दिए गए जवाब में उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। भगवान श्री राम मंदिर के उद्घाटन में अगर मुझे बुलाया जाएगा तो मैं जरूर जाऊंगा। भगवान श्री राम के मंदिर से संबंधित विषय पर उन्होंने कहा कि इस मंदिर के ताले मेरे ससुर स्वर्गीय राजीव गांधी ने ही खुलवाए थे। कुल मिलाकर आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों के अनुसार प्रियंका वाड्रा एवं राहुल गांधी के भी कई मंदिरों में जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

**राम मंदिर से संकट में कांग्रेस-** कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बनने जा रहे भगवान श्री राम के विशाल मंदिर को भाजपा से लडने के लिए संकट ही मान रही है। इसलिए भाजपा के विरुद्ध इस मुद्दे से निपटने के लिए भगवान राम की धुन अथवा हनुमान धुन में रमे हुए नजर आते हैं। वहीं दूसरी और कमलनाथ छिंदवाड़ा में पूरी तरह समर्पित हो चुके हैं। पिछले सात दिवस के कार्यक्रम लगातार छिंदवाड़ा में ही दिखाई दे रहे हैं। चुनावी राजनीति में राजनीतिक दल किस तरह से अपना चेहरा बदलते हैं, उसका जीवंत उदाहरण मध्यप्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर संबंधित वरिष्ठ नेताओं एवं विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों की सोशल मीडिया डीपी पर देखा जा सकता है। मध्य प्रदेश की चुनावी राजनीति में जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम की तस्वीर मुख्य अतिथि के रूप में स्वीकार की, वैसे ही मध्य प्रदेश के चुनाव में राम मंदिर की एंट्री हो गई। उपरोक्त राजनीतिक स्थिति को देखते हुए हिंदू वोट बैंक का नुकसान ना हो इसकी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपनी डीपी भगवान राम के फोटो के साथ जोड ली। विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए कांग्रेस पार्टी के कई उम्मीदवारों की सोशल मीडिया पर भगवान राम की तस्वीर नजर आ रही है। लगभग सात दिवस पूर्व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं उनके पुत्र जयवर्धन सिंह के सोशल मीडिया पर कई पोस्ट भगवान श्री राम की आराधना एवं साधना से जुड़ी हुई दिखाई दी।

# किसान आंदोलन के नाम पर खून खराबा फैलाने वाले गिरफ्तार

**राऊ कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी के भाई एवं अन्य गिरफ्तार**

**इंदौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 से पूर्व वर्ष 2017 में जिस तरह से राजनीतिक उत्पात के क्रम में जातीय उन्माद फैलाना प्रारंभ किया था। उसी की शक्ल में इंदौर में किसान आंदोलन के रूप में कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठनेता जीतू पटवारी के भाई एवं उनके कई साथियों ने शहर में तोड़फोड एवं आगजनी के साथ-साथ जानलेवा हमले से जुड़े हुए राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए थे। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कई स्थानीय लोगों को न केवल मारा पीटा गया वरन् स्थानीय निवासी एवं कई किसान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस कार्यक्रम में पुलिस के ऊपर भी हमला किया गया था।

जीतू पटवारी के भाई सहित कई रिश्तेदार एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 307 एवं अन्य गंभीर धारा में मुकदमा कायम किया गया था। इस मामले को लेकर पिछले 5 सालों से लगातार जीतू पटवारी के भाई एवं अन्य साथी लगातार फरार चल रहे थे। इस मामले में हाल ही इंदौर पुलिस ने जीतू पटवारी के भाई को गिरफ्तार किया एवं संबंधित न्यायालय ने उन्हें जेल पहुंचा दिया है।

**गैंग बनाकर किया था प्राणघातक हमला-** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2016 में ग्वालियर शहर में उत्पाद मचाया गया था, जहां कई लोग घायल हो गए थे एवं कांग्रेस पार्टी के कई नेता गिरफ्तार भी किए गए थे। इंदौर में वर्ष 2017 में इसी तरह की घटना की पुनरावृत्ति की गई और सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमले की कार्रवाई से जुड़ा हुआ हमला किया। इंदौर की राजेंद्र नगर पुलिस ने राऊसे कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी और उसके तीन साथियों को पकडा है। ये लोग पांच साल से फरार थे। चारों पर किसान आंदोलन के बाद हुए मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने सभी को जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

बताया जाता है कि चारों ने किसान आंदोलन के समय दो कातिलाना हमले की वारदात की थी। तभी से ये फरार थे। इनके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। चुनाव के पूर्व वारंटियों की गिरफ्तारी की जा रही है, इसी सिलसिले में इन्हें भी पकड कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर सभी को जेल भेज दिया गया। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक राजेंद्र नगर में किसान आंदोलन के दौरान 2017 के मामले में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया था। दंडोतिया के अनुसार विधायक जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी, दोस्त सचिन, अशोक और जितेंद्र राजेंद्र नगर थाने में पेश हुए थे। इसके बाद चारों को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# सोजतिया को जनसंपर्क के दौरान मिल रहा है मतदाताओं का आशीर्वाद



**भानपुरा, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष कुमार सोजतिया लगातार विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ जनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण जन श्री सोजतिया का आत्मीय स्वागत कर रहे हैं। श्री सोजतिया द्वारा विधानसभा क्षेत्र में जननेता एवं कैबिनेट मंत्री के रूप में पूरे विधानसभा क्षेत्र में किए गए कई विकास कार्यों, जनहितैषी कार्यों, गरीबों एवं असहाय लोगों के लिए किए गए मानव सेवा कार्यों को ग्रामीण जनों द्वारा स्मरण कर श्री सोजतिया की विजय का संकल्प ले रहे हैं। श्री सोजतिया का सतत् ग्रामीण क्षेत्रो का जनसंपर्क जारी है। बुधवार 8 नवंबर को श्री सोजतिया ने भानपुरा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया।

जनसंपर्क भानपुरा क्षेत्र के ग्राम गोविंद खेड़ा से प्रारंभ होकर रगसपुरिया, ढाबा, धुंआखेड़ी, बोरदा, कैसोद, भैसोदामंडी, मालीपुर, भैसोदा मे जनसंपर्क कर ग्रामीणों को संबोधित किया।आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान में कांग्रेस के पक्ष में मतदान का आह्वान किया। भानपुरा के ग्रामीण क्षेत्रों में सभाओं को संबोधित करते हुए श्री सोजतिया ने कहा कि 25 लाख तक का मुफ्त इलाज, नारी सम्मान योजना में महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जायेगा, गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा, 100 यूनिट तक की बिजली मुफ्त और 200 तक की बिजली का बिल हाफ, बेटी के विवाह पर 1 लाख 1 हजार, बेटी के जन्म पर 2 लाख 51 हजार, सिंचाई के लिए 5 हॉर्सपावर तक की बिजली बिल्कुल मुफ्त दी जायेगी। श्री सोजतिया ने कहा कि शासकीय दफ्तरों में जो दलालों के द्वारा भ्रष्टाचार हो रहा है इनको खत्म करना है।

# कांग्रेस प्रत्याशी जैन ने किया नई आबादी में जनसम्पर्क



**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्री विपिन जैन ने मंदसौर नगर के नईआबादी मण्डलम के वार्ड क्रमांक 7, 8 व 9 में जनसम्पर्ककर आमजन से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जैन का जनसम्पर्क श्री कोल्ड चौराहा से प्रारंभ हुआ।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री विपिन जैन ने बुधवार को जनता कॉलोनी, आदिनाथ विहार, चौधरी कॉलोनी, नईआबादी क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया। श्री जैन का कांग्रेसजन राजेन्द्र सेठिया, सुरेन्द्र कुमावत, डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा, प्रीतम पंचोली, अजय मारू, संजय नाहर, इष्ट भाचावत, तरूण शर्मा, राजकुमार पामेचा, पुरूषोत्तम पोरवाल, अशोक झेलावत, अभिषेक पाटीदार, सौरभ रत्नावत, आशीष चौरड़िया आदि कांग्रेसजनों के निवास स्थानों पर तिलक लगाकर, पुष्पहार व श्रीफल से स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन के बीच प्रदेश कांग्रेस के 11 वचन भी दोहराये एवं योजनाओं के फोल्डर का वितरण भी किया। जनसम्पर्क के दौरान श्री जैन ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर पुरानी पेंशन योजना 2005 ओपीएस प्रारंभ की जाएगी। महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रू. नारी सम्मान निधि के रूप में देंगे। इंदिरा गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 100 यूनिट माफ और 200 यूनिट हाफ दर पर देंगे। मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा नि:शुल्क करेंगे। युवाओं के लिये सरकारी भर्ती कानून बनायेंगे। 2 लाख सरकारी पद भरे जायेंगे। मध्यप्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी शुरू की जाएगी। उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

# सभी खेत और घर मे पहुंचेगा चंबल का पानी- डंग

**सुवासरा भाजपा प्रत्याशी हरदीपसिंह डंग ने किया अनेक गावों में जनसपर्क**



**सुवासरा, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा से सुवासरा विधानसभा प्रत्याशी हरदीप सिंह डंग ने बुधवार को सुवासरा मंडल के ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा किया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ो से स्वागत किया। इस दौरान मसुदी और बोरखेड़ी गाँव मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर भव्य सवागत किया।

इस दौरान मंत्री हरदीप सिंह डंग को ग्रामीणजनों ने जीत के लिये आश्वस्त किया। गावो में ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुवे कहा कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश सहित सुवासरा विधानसभा में विकास की गंगा बह रही है। शामगढ़- सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना सुवासरा के किसानों की जिंदगी बदलने वाली है। 39 अरब रूपये कीमत की दो सिंचाई योजना से जल्द हर खेत मे चम्बल मैया का पानी पहुंचेगा। इसका असर जमीन पर भी दिखने लगा है। कुछ क्षेत्रों मे टेस्टिंग का कार्य भी सम्भव हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानो की समस्या को समझा और खेतों तक पानी पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कारण 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में रामन्दिर का निर्माण हो रहा है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर दो झंडा हटाकर एक तिरंगा करने का काम मोदी जी ने किया है। हर घर मे मुफ्त 5 किलो अनाज देने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। हर गॉव मे कच्चे मकान हटाकर प्रधानमंत्री आवास देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। कांग्रेस की 15 महीने की सरकार ने इन घरों की सब्सिडी वापिस करने का पाप किया था, उसे दूर किया है।

# भारतीय संस्कृति में हाथों से बने हुए दीपक की महत्ता- डॉ. महाराणा

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, संजीत मार्ग, मंदसौर में मिट्टी, गोबर व आटे से बने दीप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निशा महाराणा ने प्रशिक्षणार्थियों को कलात्मक व परम्परागत दीपक में अंतर समझाते हुए कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में हाथों से बने हुए दीपक की महत्ता है। आपने दीपों के महोत्सव दीपावली के बारे में जानकारी दी। कलात्मक मिट्टी के दीपक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका सोनू बी, द्वितीय स्थान पर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका संतोष धनगर रहीं। परंपरागत मिट्टी के दीपक में प्रथम स्थान पर बी.एड. प्रथम वर्ष की, छात्राध्यापिका कृष्णा कुँवर, द्वितीय स्थान पर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका बगदी धनगर एवं तृतीय स्थान पर डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका कृष्णा बोराना रहीं। आटे के दीपक में प्रथम स्थान पर बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका कृष्णा कुँवर रहीं। गोबर के दीपक में प्रथम स्थान पर डी. एल. एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका बगदी धनगर रहीं। निर्णायकगण आवासीय विद्यालय की शिक्षिका कुसुम तिवारी, रचना भट्ट व तनीषा प्रजापत थे। प्रशिक्षणार्थियों के उत्साहवर्धन करने के लिये सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।



# भाजपा प्रत्याशी देवड़ा ने धुंधड़का मण्डल के 12 गांवों में जनसम्पर्क किया

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को धुंधड़का मण्डल के कई गांवों में जनसम्पर्क किया। श्री देवड़ा ने धुंधड़का मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के 12 ग्रामों में ग्रामीणों से सम्पर्क किया और उनसे प्रदेश में पुन: भाजपा की सरकार बनाने के लिये आशीर्वाद मांगा।

श्री देवड़ा के साथ जनसम्पर्क में भाजपा धुंधड़का मण्डल अध्यक्ष जीवन शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार हतुनिया, हरिसिंह चावड़ा जोगीखेड़ा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवराज राणा, मंदसौर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अंशुल बैरागी सहित कई नेता व कार्यकर्ता भी साथ थे। श्री देवड़ा ने अपने जनसम्पर्क की शुरूआत ग्राम डिगांव चौपाटी से की। डिगांवखुर्द ग्राम में भी श्री देवड़ा का स्वागत हुआ। श्री देवड़ा ने इसके बाद ग्राम माल्या खेरखेड़ा, गांधी ग्राम, डिगांव छोटी, सेमली, लब्दड़ी, उदपुरा, कोलवा, निरधारी, लिलदा, पित्याखेड़ी, पाडलिया मारू ग्राम में जनसम्पर्क किया। उन्होंने ग्रामीणो से चुनाव में विजयश्री के लिये आशीर्वाद लिया। सभी गांवों में श्री देवड़ा का ग्रामवासियों व भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

## ** मेरा वोट **



ये वक्त निकल जाएगा,
तो फिर पीछे पछताएगा।
सोच-विचार कर चुनना है,
अच्छी सरकार।
रखना सभी बातें ध्यान में,
आना न किसी प्रलोभन व
अज्ञान में।
अपना एक वोट
बेटियों की शिक्षा,
महिलाओ की सुरक्षा,नए रोजगार
स्वस्थता व स्वच्छता की बात
हमारा एक वोट देगा विकास की सौगात।
हमें आना नहीं जातिगत
बातों में, बेकार के वादों में
मत बहकना।
करके सोच-विचार
करना मतदान
बढ़े जिससे देश की शान।
महँगाई और अपराधों में आए कमी,
सड़कों के विकास के नाम पर
न कटे पेड़
हरियाली रहे चारों ओर।
भ्रष्टाचार हो खत्म,
सचाई का हो बोलबाला
देश हित की जो करता हो बात
उसका देना तुम साथ।
लोकतंत्र का मिला जो अधिकार
उसे व्यर्थ न जाने देना
डंके की चोट पर देना
अपना वोट।
अभी सब हाथ में हमारे हैं
बाकी लगाते सब नारे हैं।

**संगीता अजय दरक माहेश्वरी**
**मनासा जिला नीमच**

# मारू ने पड़दा में किया चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



**मनासा, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रत्याशी अनिरूद्ध (माधव) मारू ने भाजपा दिनदयाल मंडल के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क किया। बालागंज से शुरू होकर पड़दा में चुनावी कार्यालय के शुभारंभ के साथ दिनभर चल रहे जनसंपर्क का समापन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी श्री मारू ने चौपाल पर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होने कहा कांग्रेस ने 60 साल तक शासन किया लेकिन गांव के लोगों को केवल वोट बैंक के लिए उपयोग किया कहीं भी गांव में पक्की सड़क नहीं बनाई ना पीने के पानी की व्यवस्था की ना बिजली की। आज भाजपा सरकार में गांव गांव सड़क संपर्क से जुड़ गया है। भाजपा की हमारी सरकार बनी तो मध्यप्रदेश में हमने गांव से लेकर शहर तक विकास की नई गाथा लिखी। आज मध्यप्रदेश विकसित राज्यों श्रेणी में शामिल है। आज मनासा सहित नीमच जिले मे प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। योजना का काम तीव्र गति से चल रहा है। वहीं 24 घंटे बिजली मिल रही है। श्री मारू ने जमुनिया रावजी, मालखेड़ा, मातारूंडी, दांतोली, रावतपुरा, तिलसांवरा, लखारिया,, चंदा मोती दांतोली, बलपुरा, सुंडी, भेरपुरा, कुनी खम्मा में जनसंपर्क कर उपस्थित भाईयों.बहनों के साथ अपने विचार साझा किए।

**मंडी व्यापारी और अभिभाषक संघ से मिले-** दोपहर करीब 12.30 बजे विधायक श्री मारू मनासा पहुंचे। यहां कोर्ट में बार एसोशिऐशन के सदस्यों से चर्चा की। इसके बाद मारू मंडी पहुंचे। किसानों से चर्चा करते हुए श्री मारू ने कहा भाजपा सरकार में किसानों को सम्मान निधी का लाभ मिल रहा है। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है। भाजपा सरकार में सिंचाई रकबा लगातार बढ़ा और किसानों की आय दोगुनी हुई है।

# मेडिकल कॉलेज से मरीजों को मिलेगी सुविधाएं

**भाजपा प्रत्याशी सिसोदिया ने वार्डों में किया जनसंपर्क**



**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। भगवान पशुपतिनाथ का भव्य कॉरिडोर निर्माण होने जा रहा है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में भी मंदसौर पीछे नहीं है। मेडिकल कॉलेज का निर्माण चल रहा है। मंदसौर में नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। इससे मरीजो को सुविधाएं मिलेगी। खेल सुविधाओं को भी बढ़ावा मिला है मंदसौर का नूतन स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए सर्व सुविधायुक्त बना है। जहां कई खेलो के लिए सुविधाएं हैं। हॉकी का एस्टोटर्फ मंदसौर में बना है। इसके अलावा सड़क, पुल-पुलिया मंदसौर के विकास को बयां कर रही है। यह बात मंदसौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने मंदसौर नगर के खानपुरा, जगतपुरा, मण्डी गेट, छिपा बाखल, सराफा बाजार, बीपीएल चौराहा, हेमू कालानी चौराहा, धनगर मोहल्ला, नयापुरा रोड़, कर्मचारी कॉलोनी, जीवागंज, जनकुपूरा, कालाखेत में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान श्री सिसोदिया का गली-गली में घर-घर में स्वागत हुआ। इस दौरान अनेक भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उनके साथ थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 259 | 1099 | 2200 |
| उडद | 82 | 4501 | 9700 |
| सोयाबीन | 9500 | 4700 | 5111 |
| गैहु | 3800 | 2421 | 3300 |
| चना | 103 | 4700 | 5750 |
| मसुर | 359 | 5000 | 6160 |
| धनिया | 425 | 5500 | 7100 |
| लहसुन | 14500 | 7000 | 19200 |
| मैथी | 800 | 5000 | 7000 |
| अलसी | 1674 | 4200 | 5076 |
| सरसो | 325 | 4950 | 5302 |
| तारामीरा | 5 | 4830 | 4846 |
| इसबगोल | 46 | 10000 | 20700 |
| प्याज | 6000 | 700 | 3551 |
| कलोंजी | 30 | 11500 | 16700 |
| डॉलर | 28 | 7400 | 14400 |
| तिल्ली | 12 | 12381 | 16361 |
| मटरसुखी | 15 | 2000 | 3399 |
| असालीया | 28 | 9451 | 10680 |



# मतदान कार्य कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिये गहन प्रशिक्षण जरूरी

## मतदान दल कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण का दौर जारी

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन- 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस हेतु मतदान दलों में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों पीठासीन एवं अन्य प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहायक मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय जिले के डिग्री कॉलेज में एवं कुशाभाउ ठाकरे आटिडोरियम में दो चरणों में प्रशिक्षण जिले के मास्टर ट्रेनर्सो के द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दलकर्मियों को बताया गया कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें एवं प्रशिक्षण को समझे। जिससे की मतदान दिवस पर मतदान का कार्य कुशलतापूर्वक सम्पादित हो जायें। मतदान प्रक्रिया को निर्वाध रूप से सम्पन्न करने के लिए मतदान दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बातों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी महत्वपूर्ण जानकारी को नोट करें। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व व्हीव्हीपेट मशीन को संबंध करने, मॉक पोल एवं वास्तविक मतदान के समय की जाने वाली प्रक्रिया, मशीन बदलने, मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदान उपरांत निर्वाचन सामग्री जमा करने की प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। मास्टर टेनर्स द्वारा मॉकपोल ईवीएम, वीवीपेट के संचालन एवं रख रखाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों की प्रविष्टि, संबंधित लिफाफों, मतों की गिनती, क्लोज बटन का उपयोग व कंट्रोल यूनिट को क्लियर करना, मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम एवं मतदाता रजिस्टर के मतों का मिलान, ईव्हीएम सीलिंग के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से कहा गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो निर्वाचन सामग्री अथवा दस्तावेज दिये जा रहे हैं, उनके प्रत्येक बिंदु का अध्ययन अच्छे से कर लें। उन्होंने मतदान दल कर्मियों को निर्देशिका पुस्तिका तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भलींभाति सूक्ष्मता से अध्ययन कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मतदान दल कर्मियों ने विधासभा क्षेत्र अनुसार बनाये गये डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र (फेसिलिटेशन सेंटर) पर जाकर अपना मत डाकमत पत्र के माध्यम से किया।

## दीपावली की रौनक पर चुनावी फंगस

**लूनाहेड़ा, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों एक तरफ दीपावली का त्यौहार दुसरी तरफ चुनावी माहौल राजनीतिक दल से लेकर निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए चुनाव समर किसी चुनौती से कम नहीं है। प्रत्याशी गांव गांव एवं घर-घर जाकर जनंसपर्क कर रहे है। दूसरी तरफ शहर सहित गांवों में दीपावली का माहौल बना हुआ है। बाजार पूरी तरह से सज-धज के तैयार है। दीये और रंग-बिरंगे फूलों सहित अन्य सामान से सजा हुआ है। दीपावली के दौरान घर आंगन से लेकर कारोबारी स्थानो पर नई वस्तुएं लाने की परंपरा है। पांच दिनी दीपावली उत्सव के लिए परिवार की महिलाएं इन दिनों इसी तैयारी में जुटी हुई है। पारंपरिक दीपावली सजावट में लाइट, दीये, फूल, तोरण और रंगोली सभी शामिल होते हैं। ऐसे में पूरा शहर इन सामग्रियों से अटा पड़ा है। राहगीर भी रुककर इन्हें खरीदने को विवस हैं।

# मारपीट कर महिला की नाक तोड़ने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती स्वागिता पूर्णेश श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा मारपीट कर महिला की नाक तोड़ने वाले आरोपी रोहित पिता घनश्याम कुमावत, उम्र-34 वर्ष, निवासी-उदयनगर, ग्राम जमुनियाकला, जिला-नीमच को धारा 325 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 02 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रू. अर्थदण्ड एवं धारा 323 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 6 माह के सश्रम कारावास व कुल 1000 रू. अर्थदण्ड एवं से दण्डित किया।



प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाली एडीपीओं श्री चंद्रकांत नाफडे द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 6 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 26.12.2017 को सुबह के लगभग 10 बजे उदयनगर, ग्राम जमुनियाकला स्थित फरियादी विरेन्द्र के घर के बहार की हैं। फरियादी एवं आरोपी के मध्य मकान की दिवार के प्लास्टर कराये जाने की बात को लेकर विवाद चल रहा हैं, इसी बात को लेकर विवाद करते हुवे घटना दिनांक को आरोपी ने फरियादी विरेन्द्र के साथ लात-घूंसो से मारपीट करी, जब फरियादी का भाई जितेन्द्र व उसकी बहन प्रीति बीच-बचाव करने आये तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट करी, जिस कारण तीनो को चोटे आई थी। आरोपी ने प्रीति के नाक पर मुक्का मारा था, जिसके कारण उसके नाक की हड्डी टुट जाने से फ्रेक्चर हो गया था। फरियादी ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना नीमच सिटी पर की थी, जिस पर से अपराध क्रमांक 586/2017 की प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। प्रकरण में विवेचना के दौरान फरियादी व आहतगण सहित अन्य साक्षीगण के बयान लेते हुवे शेष आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण के विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी व आहतगण सहित सभी आवश्यक गवाहों के बयान कराते हुए अपराध को प्रमाणित कराकर आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिससे सहमत होकर आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी चंद्रकांत नाफडे, एडीपीओ द्वारा की गई।

# दवाओं के विक्रेता अपनी दुकान-संस्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं-कलेक्टर

## बच्चों में नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों के सेवन और अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु 'एक युद्ध, नशे के विरूद्ध' कार्य-योजना विकसित की

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के साथ नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और हितकारक अर्थात राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केन्द्र एम्स, सैनिक स्कूल रक्षा मंत्रालय, एनसीसी और सीडीएससीओ स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने संयुक्त रूप से बच्चों में नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों के सेवन और अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु 'एक युद्ध, नशे के विरूद्ध' कार्य-योजना विकसित की गई है, जिससे बच्चों/किशोरों के बीच नशीली दवाओं के सेवन की रोकथाम की दिशा में आदर्श बदलाव लाया जा सके।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा आदेश जारी किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के अंतर्गत मेडिकल स्टोर्स/फार्मेसी जो कि शेड्यूल क्ष्ठ एवं द की दवाओं का विक्रय कर रहे है। उन्हें अपनी दुकान संस्थान परिसर में सी.सी.टी.वी. कैमरे आवश्यक रूप से स्थापित किए जाने के निर्देश है। उक्त दुकान संस्थानों पर स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरों का किसी भी समय District Drugs Controller Authority / C.W.P.O (Child welfare police officer of special Juvenile police unit) द्वारा निरीक्षण/जांच की जा सकती हैं। दवाओं के विक्रेता अपनी दुकान संस्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे ऐसे स्थानों पर स्थापित करवायें श्र जिससे संबंधित अधिकारियों की पहुंच इन कैमरों तक सुगमता से बनी रहे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायें कि किसी भी स्थिति में बच्चों एवं किशोरों को रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के प्रिस्क्रीप्शन के बिना शेड्यूल क- 1 एवं द की दवाओं का विक्रय नहीं किया जावे, ताकि बच्चों/किशोरों में नशीली एवं लत लगाने वाली औषधियों के दुरूपयोग को रोका जा सकें। यह आदेश सर्वसाधारण को सम्बोधित है और चूंकि इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई करना संभव नहीं है। अत: दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 के तहत यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है।

## 8 वें राष्ट्रीय आयुर्विद दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम सम्पन्न

**लूनाहेड़ा, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु मन्दिर लूनाहेड़ा मे आठवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद व्याख्यान का आयोजित किया गया। उपस्थित आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललीता पाटीदार द्वारा आयुष जीवन शैली और दिनचर्या आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खे एवं आहार विहार और दिनचर्या की जानकारी दी गई। जिससे स्वस्थ व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सके। शिविर मे स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। साथ ही प्रशिक्षक परशराम धनगर ने बच्चों को योग व प्राणायाम के साथ-साथ अनिलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार आदि योग क्रियाओ का अभ्यास करवाया गया। प्राचार्य नरेन्द्र पाठोद ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यक्रता सहित विद्यालय स्टाप मोजुद था।

## महाविद्यालय की वालीबाल टीम ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ एल. एन. शर्मा ने बताया की महाविद्यालय के वॉलीबाल पुरुष टीम ने दिनांक 06 नवम्बर 2023 को शाजापुर में आयोजित संभाग स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता में सहभागिता करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी



राजू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की शाजापुर में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मंदसौर टीम ने रतलाम को 2-1 से हरा कर गोल्ड मैडल जीता। उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के 4 खिलाड़ी कुनाल, नमन शर्मा, अनिल एवं चयन माली का चयन विक्रम विश्वविद्यालय के दल में हुआ। ये सभी खिलाड़ी अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। महाविद्यालय के खिलाडियों के उत्कृष्टप्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ एल. एन. शर्मा, सभी प्राध्यापको और कर्मचारियों ने खिलाडियों को बधाई और शुभकामनाए दी।

# प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ ने वर्ल्ड रेडियोग्राफी डे मनाया

## एक्सरे विभाग में सेवारत शर्मा के स्वर्गवास पर श्रद्धांजलि दी



**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ मध्यप्रदेश के आव्हान पर प्रतिवर्षानुसार जिला चिकित्सालय मंदसौर के एक्सरे विभाग में वर्ल्ड रेडियोग्राफी डे सभी रेडियोग्राफर स्टाफ द्वारा मनाया गया।

इस अवसर पर एक्सरे के जनक महान जर्मन वैज्ञानिक सर विन्हेम कोनार्ड रोंजन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में एक्सरे विभाग प्रभारी चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा ने विलियम कोनार्ड रोंजन के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर बताया की आज विश्व रेडियोग्राफी दिवस का दिन हैं 8 नवंबर 1895 को जर्मनी के वैज्ञानिक विलियम कोनार्ड रोंजन ने एक्सरे का आविष्कार किया था। एक्सरे चिकित्सा जगत के लिए वरदान भी है और अभिशाप भी। संघ जिला अध्यक्ष श्री मोहनलाल धनगर ने बताया की अनावश्यक एक्सरे ,सीटी स्कैन, एमआरआई तथा अन्य विकिरण जनित जांचे करवाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ये जांचें बिना चिकित्सक के परामर्श के नहीं कराना चाहिए। इस दौरान एक्स रे विभाग में सेवारत श्री दशरथ शर्मा का विगत 9 माह से कैंसर के उपचार के दौरान विगत 4 नवम्बर को स्वर्गवास हो गया था। स्व. श्री शर्मा अत्यंत सेवाभावी, कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहारकुशल व्यक्तित्व का अचानकजाना हमारी स्वास्थ्य सेवा एक्सरे टीम के लिए अपूरणीय क्षति है, सभी स्टॉफ ने दो मिनट मौन रखकर सादर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा एक्सरे के दुष्परिणाम पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एक्सरे विभाग प्रभारी डॉ. संजय शर्मा, संघ जिला अध्यक्ष श्री मोहनलाल धनगर, सहसचिव श्री धनंजय शाक्य, सह मीडिया प्रभारी राहुल चौहान, सुरज सांकला, दीपक मालवीय एवं एक्सरे स्टॉफ जिला चिकित्सालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जावद में मतदान दलों के कर्मचारियो के बीच बेंच पर बैठकर...

# कलेक्टर एवं एसडीएम ने प्रशिक्षण का लिया जायजा



**नीमच, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने अनुविभागीय अधिकारी श्री राजकुमार हलदर के साथ शासकीय महाविद्यालय जावद में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसडीएम ने मतदान दलों के प्रशिक्षण कक्ष में बेंच पर मतदान दलों के कर्मचारियों के साथ बैठकर प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा, कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में लगे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एंव वीवीपीएटी के बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यतक है। वे ईव्हीएम व वीवीपीएटी के बारे में अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास करलें। जिससे उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान कराने में कोई समस्या ना हो।

कलेक्टर श्री जैन ने कहा, कि मतदान दलकर्मी निर्देश पुस्तिका का भलिभांति अध्ययन करलें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रयोगात्मक तरीके से मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन विधि लागू करने, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने, मतदान की गोपनीयता बनाए रखने, प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में ईव्हीएम व वीवीपीएटी का हेण्ड आन प्रशिक्षण भी दिया, निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को छोटे छोटे समूह में इलेक्ट्रॉनिक ईव्हीएम व वीवीपीएटी के बारे में विस्तार से समझाईश देते हुए, ईव्हीएम व वीवीपीएटी का संचालन भी करवाया गया। कलेक्टर श्री जैन ने डाक मतपत्र एवं ईडीसी से मतदान के लिए स्थापित फेसीलिटेशन सेन्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होने जावद में सहायक खर्च आर्ब्जवर जावद के कक्ष का निरक्षण कर, निर्वाचन व्यय निगरानी एवं निर्वाचन व्यसय लेखे के बारें में जानकारी भी प्राप्ता की।

**प्रेक्षक जावले ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा**–भारत निर्वाचन आयोग क प्रेक्षक श्री किशन नारायणराव जावले ने बुधवार को उत्कृष्ट्व विद्यालय नीमच में मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर, जायजा लिया। उन्हौने मतदान दलों में पीठासीन अधिकारियों को ईव्हीरएम मशीन के हेण्डप ऑन प्रशिक्षण के बारे में भी पूछा और पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियो से चेलेन्जे वोट, टेण्डर वोट की प्रक्रिया की जानकारी भी ली। प्रेक्षक श्री जावले ने उत्कृमष्ट्य विद्यालय नीमच में डाक मत पत्र, ईडीसी के लिए स्थायपित फेसिलिटेशन सेन्टर का भी अवलोकन कर, जायजा लिया। प्रेक्षक श्री जावले ने मनासा क्षेत्र के विभिन्ना मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर ए.एम.एफ. सुविधाओं की उपलब्ध्ता का जायजा भी लिया।

# सुवासरा एवं गरोठ के सामान्य प्रेक्षक अशोक वामन ने एसएसटी पॉइंट ढोढर का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अशोक वामन काकड़े एसएसटी चेकप्वाइंट ढोढर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम किस तरह से कार्य कर रही है। अब तक क्या कार्यवाही की। सभी का अवलोकन किया। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चेक पॉइंट पर सघन निगरानी की जाए। जांच के दौरान रिकॉर्डिंग की व्यवस्था हो।



**सामान्य प्रेक्षक अशोक वामन ने शामगढ़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया**–सामान्य प्रेक्षक श्री अशोक वामन काकड़े ने शामगढ़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। ईवीएम मशीनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ईवीएम का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जो की बहुत ही सराहनीय कार्य है। मतदान केंद्रों में अभी भी अगर कोई समस्या है, तो तुरंत बताएं। जिससे उस समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। मतदान के दिन मतदाताओं को सारी सुविधाएं मिले। विशेष तौर पर छाव, पेयजल की व्यवस्था हो। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात होम वोटिंग के लिए क्या-क्या प्रक्रिया की जा रही है। उसका भी अवलोकन किया। होम वोटिंग के अंतर्गत 80 साल से उपर एवं दिव्यांग व्यक्ति जो मतदान केंद्र तक नहीं आ सकते। उनको होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। ऐसे सभी लोगों को चिन्हित करें तथा सभी को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करें।

# बहनें पढ़ाई के साथ-साथ शस्त्र व शास्त्र विद्या भी प्राप्त करें-दंडोतिया

## विहिप दुर्गा वाहिनी का भालोट प्रखंड केंद्र पर शौर्य संचालन कार्यक्रम संपन्न




**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का भालोट प्रखंड केंद्र पर शौर्य संचालन कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रारंभ में मंचासीन अतिथि प्रांत संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया, जिला सहसंयोजक अंजलि दीदी, भालोट प्रखंड अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने भारत माता और राम दरबार के प्रतीक चिन्ह पर पुष्पमाला समर्पित कर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।

प्रांत संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया के द्वारा सभी दुर्गा बहनों को बौद्धिक देते हुए कहा कि आज के दौर में बहनो को हर प्रकार से तैयार रहना चाहिए। बहनों के लिये जितनी पढ़ाई जरुरी है उतनी ही शस्त्र व शास्त्र विद्या भी जरुरी है। आपने कहा कि बहनों के साथ कोई आपत्तिजनक घटना घटित हो तो वह अपने परिजनों को बिना हिचकिचाहट बताये। क्योंकि विनय न मानत जड़दी जड, गए तीन दिन बीत, बोले राम सकोप तब, भय बिन होय न प्रीत याने कुछ लोगो को प्यार की भाषा समझ नहीं आती। रामजी ने समुद्र से रास्ता मांगा था लेकिन रास्ता नहीं मिला तो बाद में भगवान को भी शस्त्र उठाना पड़ा था। इस दौरान अतिथि परिचय व कार्यक्रम का संचालन जिला शक्ति साधना केंद्र प्रमुख वंदना दीदी सेन ने किया। अतिथि स्वागत मनीषा कुमावत, किरण धनगर, भावना शर्मा के द्वारा किया गया। ध्वज वाहनी प्रमुख उमा बैरागी व शस्त्र वाहिनी की दुर्गा बहने रही। आभार पूनम नलवाया ने प्रक्ट किया। कार्यक्रम में संगठन के प्रांत सहसंयोजक अर्जुन गहलोत, जिला मंदसौर सत्संग प्रमुख कन्हैयालाल धनगर, भालोट प्रखंड मंत्री राकेश विश्वकर्मा, प्रखंड सहमंत्री महेश लोहार, प्रखंड उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापत, प्रखंड संयोजक महेश प्रजापत, प्रखंड गोरक्षा प्रमुख श्याम साहू, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख सुखदेव विश्वकर्मा, प्रखंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख हेमंत धनगर सहित भालोट प्रखंड की खंड व ग्राम समितियों के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ✻ उठावना ✻

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हीरालाल जी बरोड़ के पुत्र पुरूषोत्तम जी, स्व.बाबूलालजी के भतीजे दिलीपजी (मुन्ना भैया) के छोटे भाई घनश्याम, स्व.ब्रजेश, संजय, पंकज के बड़े भाई एवं सुरभी व पायल के पूज्य पिताजी श्री रघुनंदन जी बरोड (पप्पू भाई तेल वाले) का



स्वर्गवास आज दिनांक 08/11/2023 को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 09/11/2023, गुरुवार प्रात: 11.30 बजे रखा गया है। स्थान-पंच कचेलिया तेली राठौर समाज धर्मशाला खाकी कुआं के पास धानमंडी मंदसौर।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
बरोड़ परिवार, मंदसौर



## सडकों पर विचरण करते 15 गौवंश पकड़े

**मंदसौर, 8 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा मंदसौर आगामी त्यौहारो को देखते हुए सडको पर विचरन करने वाले गौवंश को पकडने का अभियान चलाया जा रहा है। कल इसी तरमय में नपा परिषद के द्वारा 15 गौवश पकड कर उन्हे गौशाला में भेजा गया है। नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी स्वास्थ्य हेमचंद्र शर्मा की देखरेख में नगर पालिका के स्वास्थ्य अमले ने नगर के मुख्य चौराहो व मार्गो से 15 गौवंश को पकड कर उन्हे गौशाला भिजवाया। नगर पालिका का यह अभियान अनवरत जारी रहेगा।


### कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक-क्यू मंदसौर, दिनांक 08.11.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै समीर शाह पिता अयूब शाह वार्ड क्रमांक 40 इंद्रा कालोनी किटियानी मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा एवं नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
| --- | --- |
| SAMIR SHAH | SAMEER SHAA |
| AYUB SHAH | AYUUB SHAH |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

### कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक मंदसौर, दिनांक 08.11.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जीसी 1163 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में दशरथ पिता भगवानजी निवासी मुण्डला, तह. सीतामऊ, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती कृष्णाबाई पति दशरथ निवासी मुण्डला, तह. सीतामऊ, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in